दिनांक 17.10.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई के सियान एवं वृद्धजनों ने लिया शत प्रतिशत मतदान का संकल्प

भिलाईनगर। मतदाता जागरूकता अभियान के तीसरे दिवस नवरात्र के नौ संकल्प अंतर्गत निगम भिलाई क्षेत्र के सियान सदन, वृद्धा आश्रम सहित विभिन्न क्षेत्रो में वृद्धजनो ने सियान संकल्प के तहत 17 नवम्बर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में शत् प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया।

आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर अभियान के तीसरे दिवस निगम के सियान सदन , वृद्धा आश्रम सहित विभिन्न क्षेत्रो में वृद्धजनो ने मतदान का संकल्प लिया। सियान सदन नेहरू नगर , हुड़को, प्रियदर्शिनी परिसर,आस्था वृद्धा आश्रम सेक्टर 2 एवं 8 तथा सभी जोन क्षेत्रो में नवरात्र के नौ संकल्प में सियानो ने शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया।